भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2350
गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मेरठ हवाई पट्टी का उन्नयन

2350. श्री अरुण गोविल:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का पश्चिमी उत्तर प्रदेश को व्यापार, पर्यटन और शैक्षणिक उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में बढ़ावा देने की लोगों की दीर्घकालिक लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए मेरठ हवाई पट्टी को उन्नत करने और इसे पूर्ण घरेलू विमानपत्तन के रूप में विकसित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मेरठ को 'उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना' के अंतर्गत हवाई सेवाओं से जोड़ने के लिए कोई नई पहल की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा मेरठ से दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क)**:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने मेरठ हवाईअड्डे के लिए चरणबद्ध विकास योजना तैयार की है। प्रथम चरण में, वीएफआर शर्तों के तहत 3सी प्रकार के विमानों के परिचालन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से 96.14 एकड़ भूमि अधिग्रहित करने और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सौंपने का अनुरोध किया गया है।

(ख)**:** उड़ान योजना की बोली प्रक्रिया के 4.2 दौर के तहत, आरसीएस मार्ग 'मेरठ-लखनऊ-मेरठ' को 19-सीटर प्रकार के विमानों के साथ आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए मेसर्स फ्लाईबिग को अवॉर्ड किया गया है। हवाईअड्डे के विकास और तैयार हो जाने के पश्चात, चयनित हवाईअड्डा प्रचालकों (एसएओ) द्वारा हवाईअड्डे को जोड़ने वाले अवॉर्ड किए गए उड़ान मार्गों पर परिचालन आरंभ किए जाने की संभावना है।

(ग)**:** मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरस्त होने के साथ, भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को पूर्ण रूप से नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है। बाजार की मांग, परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता और उनकी नीति के आधार पर एयरलाइनें अपने बेड़े में किसी भी

प्रकार के विमान को शामिल कर सकती हैं, किसी भी बाजार और नेटवर्क का चयन कर सकती हैं।

******